## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में थामा झंडा

# विधायक रविन्द्र बलियाना और जगदीश यादव भाजपा में शामिल



■ बलियाना रतिया से इनेलो के विधायक, जगदीश यादव रह चुके पूर्व मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहरलाल और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला की मौजूदगी में इनेलो के दो बड़े नेताओं ने बृहस्पतिवार को भाजपा को झंडा थाम लिया। एमएलए हास्टल परिसर स्थित पार्टी कार्यालय में रतिया से विधायक रविन्द्र बलियाना और कोसली से जगदीश यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने पटका पहनाकर दोनों नेताओ का भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रणदीप, फतेहाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष वेद फूला, रेवाड़ी भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र पालीवाल भी मौजूद थे।

### पार्टी में आने वालों की कोई शर्त नहीं : सीएम

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वालों की कोई शर्त नहीं है, हमारा कोई लालच या आग्रह भी नहीं था, जो लोग आ रहे हैं वो पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों में आस्था जताकर आ रहे हैं, अच्छे लोगो का पार्टी में हमेशा स्वागत है। योग्य लोगों को पार्टी में शामिल करने में हमे कोई आपत्ति नही है और भाजपा सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब ही जनसेव है, उन्होंने बताया कि हम जगदीश यादव के साथ पहले भी काम कर चुके हैं। बंसीलाल की सरकार के समय हमने साथ काम किया और अब लंबे समय के बाद एक बार फिर एक दिशा में चलने जा रहे हैं, जितना पार्टी बढ़ेगी उतना पार्टी में परफेक्शन आएगी। हमारा काम करने का तरीका सबसे अलग है हम हमेशा पार्टी विद डिफरेंस के रास्ते पर चलते हैं, हमारा मानना है की जनता की सेवा राजनीतिक क्षेत्र के माध्यम से भी की जा सकती हैं।

### कर्मचारियों की मांग पर ट्रिब्यूनल का गठन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल और विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए बताया कि हाईकार्ट में 2 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के मामले पेंडिंग हैं, इसलिए कर्मचारियों की मांग थी अलग से एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल बनाया जाए। कर्मचारी वर्ग के हितों को देखते हुए एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल बनाने का फैसला लिया गया, अभी हाईकोर्ट ने 8 हजार केस सौंपे हैं। विपक्ष के भ्रष्टाचार के आरोपों पर मनोहर लाल ने कहा कि जो लोग जैसा करेंगे वैसा भुगतेंगे किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## मानसून सत्र से पहले कांग्रेस को झटका

# राई विधायक जयतीर्थ दहिया ने विधानसभा से इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** मानसून सत्र से एक दिन पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राई के विधायक जयतीर्थ दहिया ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्पीकर कंवरपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डाखेमे के दहिया ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर अशोक तवर के खिलाफ भी मोर्चा खोल रखा था। दहिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर के विरुद्ध लिखित शिकायत हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी गुलाम नबी आजाद को की थी। मामले में कार्रवाई नहीं होने के कारण दहिया कांग्रेस से नाराज चल रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र से एक दिन पहले कांग्रेस के विधायक जयतीर्थ दहिया ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर के व्यवहार से नाखुश हैं। उन्होंने तंवर पर दिल्ली में हुई बैठक के बाद गाली देने का आरोप भी लगाया।

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों से वार्ता

**चंडीगढ़।** पीडब्ल्यूडी विभाग बचाओ संघर्ष समिति हरियाणा व विभाग के मंत्री राव नरबीर से कर्मचारियों की मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को वार्ता हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**इन मांगों पर सहमति:** बैठक में दैनिक वेतन भोगी के रूप में लगे कर्मचारियों को पार्ट 2 में मानते समान काम समान वेतन देने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजने के साथ-साथ अन्य मांगों पर सहमति बनी।

**सार्वजनिक निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रेवाडी रोड, नारनौल के परिसर में खडे सफेदा के पेडों की निलामी दिनांक 05.08.2019 को प्रात: 10:00 बजे करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। संबंधित जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ली जा सकती है। **उप निदेशक**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नारनौल।**

**खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा**

**प्रतिभाशाली छात्र खिलाड़ियों के लिए छात्रवृत्ति**

01.04.2018 से 3103.2019 के दौरान की खेल उपलब्धियों के लिए छात्र/छात्रा खिलाड़ियों (एस.सी. तथा एस. सी. के अतिरिक्त दूसरे वर्गों) को छात्रवृत्ति देने हेतू पूर्व वर्षों की तरह आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र खिलाड़ी संबंधित जिले के खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी को दिनांक 10.08.2019 तक आवेदन करें। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। छात्रवृत्ति की शर्तें तथा आवेदन पत्र का नमूना विभाग की वेबसाईट **www.haryanasports.gov.in** पर उपलब्ध है।

निदेशक

पीआरडीएच-1107/11/119/1920/77744 दि. 23.07.19

**आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN : L23423HR1933PLC000097
पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
**Ph.:** 01732-661061, **E-mail Id:** roynr@isgec.com,
**Website:** www.isgec.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा अनुमोदन करने हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 10 अगस्त 2019 को आयोजित की जानी निर्धारित है।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://www.isgec.com/aboutus-financials-Notices.php और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

अध्यक्ष के आदेशानुसार
हस्ता/-
(एस.के. खोराना)
कार्यकारी निदेशक
एवं कम्पनी सचिव

स्थान : यमुनानगर
दिनांक : 01.08.2019

## नवराज संधू ने जल संचय रथ को रवाना किया



**चंडीगढ़।** प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बृहस्पतिवार को गृह सचिव नवराज संधू ने जल संचय रथ को सेक्टर 17 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश भर में लोगों को जागरूक करने के लिए ट्रक में एलईडी स्क्रीन और ओडियो सिस्टम भी लगाया गया। गृह सचिव संधू ने बताया कि जिलों में रथ के पहुंचने पर बरसाती पानी के संरक्षण पर परिचर्चा का भी आयोजन किया जाएगा। जल संचय रथ में एक जल संचय कलश रखा गया है, जो राज्य भर से हार्वेस्टेड वर्ष जल से भरा जाएगा। इस मौके पर कृषि के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल, पंचायत विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुधीर राजपाल व अन्य मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को राहत

■ पेंशन पेमेंट आर्डर को ई-पीपीओ के रूप में जारी करने फैसला

**चंडीगढ़।** सरकार ने सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों को पेंशन पेमेंट आर्डर (पीपीओ) को ई-पीपीओ के रूप में जारी करने का निर्णय लिया है और इस प्रक्रिया को शुरूआत में राज्य सरकार के तीन खजाना कार्यालयों में पायलट आधार पर आज से शुरू किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ई-पीपीओ परियोजना को चण्डीगढ के खजाना कार्यालय, पंचकूला के खजाना कार्यालय और करनाल के खजाना कार्यालय में पायलट आधार पर शुरू किया जा रहा है।

## प्रशासनिक ट्रिब्यूनल के विरोध में काम ठप

**चंडीगढ़।** हरियाणा एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल गठित किये जाने के विरोध में लगातार छठे दिन भी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में कामकाज पूरी तरह से ठप रखा। मंगलवार को सुबह से हाईकोर्ट के सभी एंट्री गेट्स बंद कर धरना लगाए जाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा इस मामले में वकीलों और सरकार के बीच लगातार चले आ रहे गतिरोध को तोड़ने के लिए दोपहर को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने हरियाणा के एडवोकेट जनरल बी.आर. महाजन को पत्र लिखा। बार एसोसिएशन का कहना है कि जब तक सरकार आदेश को वापस नहीं लेती उनका विरोध जारी रहेगा। कोर्ट में कामकाज भी ठप रहा।

# पुलिस के आधुनिकीकरण को केंद्र 19 करोड़ रुपये की सहायता देगा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्रलय द्वारा हरियाणा पुलिस को वर्ष 2019-20 के लिए एक कार्य योजना के तहत पुलिस बल के आधुनिकीकरण हेतु 19 करोड़ 13 लाख रुपये की राशि आवंटित करने पर सहमति प्रदान की गई है।

**डीजीपी के साथ बैठक:** इस बात की जानकारी बृहस्पतिवार को पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव, पुलिस आधुनिकीकरण, गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार विवेक भारद्वाज और पुलिस महानिदेशक, हरियाणा मनोज यादव की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में दी गई। योजना के तहत केंद्र द्वारा 11 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी, जबकि राज्य सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में 7 करोड़ 65 लाख रुपये का योगदान देगी। यह राशि पुलिस बल योजना के आधुनिकीकरण के तहत गतिशीलता, हथियारों की खरीद, यातायात व्यवस्था सहित अन्य उपकरणों पर खर्च की जाएगी।

